हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 2 जून 2025


तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री


13 करहुल में जल संरक्षण रैली, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग ...





14 सिमगा में हुई भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति...











## खबर संक्षेप

### ग्राम चौरेंगा में करंट लगने से बुजुर्ग की मौत

**सिमगा।** पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत चौरेंगा निवासी कार्तिक राम गोड़ पिता साखाराम गोड़ उम्र 55 वर्ष की 30 मई को दोपहर ढेड़ बजे करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। दरअसल वो अपने घर के आंगन में नहा रहा था कि अचानक वहां पर लगे बिजली होल्डर को पकड़ लिया। जिससे उसे जोरदार करंट लगने से घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। सूचक रूपेन्द्र सिंह चौहान की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

### वार्षिक आम सभा में शामिल होंगे राजस्व मंत्री

**बलौदा बाजार।** 10k एफपीओ भारत सरकार द्वारा संचालित बलौदाबाजार एफपीओ में आज सोमवार को जिला ऑडिटोरियम बलौदाबाजार में शेयर सर्टिफिकेट वितरण व वार्षिक आमसभा कार्यक्रम रखा गया है।जिसमें दोपहर 1:00 मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा उपस्थित रहेंगे। राजस्व मंत्री के द्वारा एफपीओ के सदस्यों को शेयर सर्टिफिकेट, बीज, पौधे इत्यादि का वितरण किया जाएगा। एफपीओ के सदस्यों द्वारा किसान हित में विभिन्न गतिविधियां चल रही हैं।

### भाई ने की मारपीट



**महासमुंद।** मारपीट करने के मामले कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को सोनू साहू निवासी वार्ड नं 10 इमलीभाठा रेलवे लाईन किनारे महासमुंद ने बताया कि 31 मई की दोपहर वह 12.50 बजे वह अपने घर के सामने बैठा था, उसी समय उसका भाई सन्नी साहू अपने घर के गैस टंकी को बेचने के लिए ले जा रहा था, जिस पर उसने गैस टंकी को क्यो बेचने जा रहा है कहकर पूछा तो आरोपी सन्नी साहू ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ मुक्का एवं डंडे से मारपीट कर दी। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के अंतर्गत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# समय पर बारिश से किसानों में उत्साह, धान की रोपाई की तैयारी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावण

- कृषि विभाग चला रहा जागरूकता अभियान, जल संरक्षण और प्रमाणित बीजों पर जोर

अंचल में अच्छी बारिश से किसानों के चेहरों में मुस्कान है, धान की रोपाई हेतु खेतों की तैयारी और खूर्रा जुताई जोरों पर है। हिरमी, मोहरा, भालेसुर, बरडीह, मुड़वाडीह सहित अंचल के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बीते दिनों हुई झमाझम बारिश ने किसानों के चेहरे पर रौनक ला दी है। समय पर हुई वर्षा से खेतों में नमी बनी हुई है, जिससे धान की रोपाई की तैयारी तेजी से शुरू हो गई है।

किसान इस समय खेतों में खूर्रा जुताई कर रहे हैं ताकि धान की रोपाई के लिए खेत पूरी तरह तैयार हो सके।कृषकों का कहना है कि इस बार मानसून की शुरुआत अनुकूल रही है, जिससे उन्हें समय पर खेत तैयार करने का अवसर मिला है। धान की नर्सरी (बीज की बुवाई) पहले ही डाली जा चुकी है और अब रोपाई की तैयारी में तेजी लाई जा रही है। खेतों में ट्रैक्टर से जुताई और मिट्टी को भुरभुरी बनाने का काम निरंतर चल रहा है। मोहरा के किसान शेष वर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष देर से बारिश होने के कारण धान की रोपाई में देरी हुई थी, लेकिन इस बार वर्षा समय पर हुई है जिससे कार्य सही समय पर हो रहा है।

## खेतों में नमी से रोपाई के लिए अनुकूल हालात, उन्नत बीज और वैज्ञानिक तरीकों का उपयोग

### वैज्ञानिक तरीके और सरकारी सहयोग

बरडीह के युवा किसान संजय कुमार ने बताया कि वे परंपरागत तरीकों के साथ-साथ वैज्ञानिक पद्धतियों का उपयोग कर रहे हैं। उनका मानना है कि यदि बारिश इसी प्रकार नियमित होती रही, तो इस वर्ष धान की बेहतर पैदावार होने की पूरी संभावना है।इस बीच कृषि विभाग के अधिकारियों ने भी गांव-गांव जाकर किसानों को रोपाई से पहले खेत तैयार करने के आधुनिक तरीकों की जानकारी दी है।



### प्रमाणित बीजों के उपयोग पर जोर

अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि वे समय पर रोपाई करें और प्रमाणित बीजों का प्रयोग कर जल संरक्षण पर विशेष ध्यान दें। इस प्रकार, अंचल में अच्छी बारिश के चलते खरीफ सीजन की शुरुआत किसानों के लिए उम्मीदों भरी है। खेतों में चल रही खूर्रा जुताई और तैयारी यह दर्शाती है कि इस बार धान की रोपाई के लिए किसान पूरी तरह तैयार हैं और एक अच्छी फसल की आशा लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

## कार्रवाई : चेकिंग अभियान में पुलिस की टीमों ने की कार्रवाई

# शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर पुलिस की कार्रवाई, 10 वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदा बाजार

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम हेतु शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग कर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम मे दिनांक 31 मई को जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वाले, वाहन चालकों के विरुद्ध पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया है।

इस दौरान संपूर्ण अभियान में पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा एक साथ भारी वाहन, चारपहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन चालकों की चेकिंग की गई। पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से परीक्षण कर 10 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है, जिनके विरुद्ध कार्रवाई कर उनके वाहन जप्त किया गया है।





### कोर्ट में करेंगे पेश

उक्त जप्त सभी 10 वाहनों को विधिवत कार्रवाई करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों के ऊपर सख़्ती से लगातार कार्रवाई की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमों का पालन करें किसी भी स्थिति में शराब पीकर वाहन न चलावें।

# बलौदाबाजार बायपास के 3 चौक को हेलमेट जोन किया घोषित




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में सुगम एवं सुरक्षित यातायात, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं इस दौरान जान माल की सुरक्षा हेतु पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में लगातार नए उपायों को अमल में लाया जा रहा है।

यातायात नियमों की जानकारी देने हेतु लोगों के मध्य लगातार जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 1 मई को बलौदाबाजार नगर पहुंच तीन प्रमुख बाईपास चौक क्षेत्र को हेलमेट जोन घोषित किया गया है।

### हेलमेट लगाना होगा अनिवार्य

जिले के रिसदा बाईपास, डोटोपार बाईपास एवं सकरी बाईपास तीनों क्षेत्र को हेलमेट जोन घोषित किया गया है। हेलमेट जोन घोषित करने का मुख्य उद्धेश्य दोपहिया वाहन चालकों में हेलमेट के प्रति जागरूकता लाना तथा सड़क दुर्घटना आदि की स्थिति में जान माल की सुरक्षा करना है। डोटोपार, रिसदा एवं सकरी बाईपास तीनों क्षेत्र में हेलमेट जोन घोषित होने से उक्त स्थलों में दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाना अनिवार्य होगा। ऐसा नहीं करते पाए जाने पर उन पर जुर्माना एवं कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

# प्रगतिशील छग सतनामी समाज का आमचुनाव 29 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

- कुल 25 पदों के लिए होंगे चुनाव, अध्यक्ष सहित उपाध्यक्ष, महासचिव और कार्यकारिणी सदस्य चुने जाएंगे

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज पंजीयन क्रमांक 3933/2012 का त्रैवार्षिक आम चुनाव 29 जून 2025 को निर्धारित किया गया है।25 फरवरी को प्रगतिशील छग सतनामी समाज के वार्षिक आमसभा में लिए गए निर्णय अनुसार आम चुनाव की घोषणा कर दिया गया है। निर्वाचन अधिकारी श्री के एल रवि द्वारा जारी चुनाव कार्यक्रम के अनुसार प्रगतिशील छग सतनामी समाज के 1 अध्यक्ष, 4 उपाध्यक्ष जिसमें एक महिला आरक्षित, 1 महासचिव, एक कोषाध्यक्ष, एक सहसचिव, एक प्रवक्ता, एक मिडिया प्रभारी सहित 15 प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जिसमें तीन महिला के लिए आरक्षित हैं कुल 25 पदों पर चुनाव या मनोनयन किया जाएगा।

मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 31 मई को किया गया है जिसके लिए दावा आपत्ति 3 जून को शाम चार बजे तक लिया जाएगा। दावा आपत्ति का निराकरण उपरांत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 5 जून को किया जाएगा। 6 जून को निर्वाचन की अधिसूचना जारी किया जावेगा। 6 जून 2025 से 10 जून तक नामांकन दाखिल किया जा सकेगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 10 जून शाम 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। 11 जून को प्राप्त नामांकन पत्रों का संविक्षा ▶▶ शेष पेज 13 पर

# साहू समाज भवन निर्माण की मांग को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने डिप्टी सीएम साव से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

ग्रामीण साहू समाज दतान के प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में रायपुर स्थित निवास पर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात की और साहू समाज भवन निर्माण की मांग को लेकर विस्तार से चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष धन्नू साहू, ग्रामीण सचिव विजय साहू और डायमंड सहित समाज के प्रमुख पदाधिकारी शामिल थे।



प्रतिनिधियों ने दतान में समाज के लिए भवन निर्माण की तत्काल आवश्यकता और समाज के विभिन्न आयोजनों व गतिविधियों में इसकी उपयोगिता को रेखांकित किया। उल्लेखनीय है कि छेरकापुर में आयोजित आदर्श विवाह कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री साव ने मंच से साहू समाज भवन निर्माण का आश्वासन दिया था। इसी आश्वासन को ▶▶ शेष पेज 13 पर

## नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी के आह्वान पर देशभर में हो रही संविधान बचाओ रैलियां

# संविधान बचाओ रैली में गरजे कांग्रेस नेता, केंद्र सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदा बाजार

- लोकतंत्र की हत्या कर रही है मोदी सरकार : डहरिया

देश में संविधान खतरे में है पिछले एक दशक से संविधान के प्रत्येक ढांचे को कमजोर कर देश के लोगों के अधिकारों को छीना जा रहा है। केंद्र सरकार लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर कर पूंजीवादी व्यवस्था बनाने का प्रयास कर रही है जिसे रोका जाना आवश्यक है, उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी बलौदा बाजार द्वारा आयोजित संविधान बचाओ रैली में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे एआइसीसी सचिव, छत्तीसगढ़ सहप्रभारी विजय जांगिड़ ने कही।







नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी के आह्वान पर पूरे देश में संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया जा रहा है, इसी तारतम्य में बलौदा बाजार में उक्त आयोजन किया जा रहा है। संविधान को ▶▶ शेष पेज 13 पर

### बलौदा बाजार में निकली संविधान बचाओ पदयात्रा

जिलाध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे के नेतृत्व में आयोजित संविधान बचाओ रैली अम्बेडकर चौक से गार्डन चौक तक पदयात्रा कर राजीव भवन में सभा का आयोजन किया गया उक्त अवसर उपस्थित जनसमुदाय को पूर्व केबिनेट मंत्री डॉ शिव डहरिया ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को लोकतांत्रिक संवैधानिक व्यवस्था से कोई मतलब नहीं है, विपक्ष की आवाज दबाने के लिए ईडी सीबीआई को लगा रखा है। विपक्षी राज्य सरकारों को कमजोर करने का प्रयास हो रहा है, देश के उपक्रमों को उद्योगपति अडानी अंबानी को बेचकर लोगों को अधिकारों से वंचित करने का प्रयास कर रही है। रोजगार के अवसर खत्म कर रही हैं। अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े वर्गों का आरक्षण खत्म कर संविधान निर्मित व्यवस्था को खत्म कर रही है।

### ये रहे उपस्थित

उक्त अवसर पर उपस्थित प्रमुख नेताओं में विधायक कसडोल संदीप साहू, विधायक भाटापारा इंद्र साव, पूर्व प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व जिलाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा , जिला प्रभारी अशोक राज आहूजा, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव कोको पाढ़ी , रवि परसराम भारद्वाज,नगर पंचायत पलारी अध्यक्ष गोपी साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु , पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, सुनील महेश्वरी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विक्रम पटेल ब्लॉक अध्यक्षगण विक्रम गिरी , रूपेश ठाकुर, अमर मांडवी, दयाराम वर्मा, गुरुदयाल यादव, अरुण यदु, डॉ के के नायक, भुनेश्वर वर्मा, सुनील कुर्रे,युधिष्ठिर नायक सहित प्रमुख कांग्रेस जनो मे सुशील शर्मा, तुलसी वर्मा,गोपाल पांडेय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन शामिल थे।

# लवन पुलिस ने मौके पर दी दबिश, सटोरिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

- आरोपी सटोरिया से नगदी रकम 4040 एवं सट्टा-पट्टी किया जब्त

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है।



इसी तारतम्य में आज दिनांक 30 मई को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना लवन की पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर ग्राम कोनारी में सट्टा-पट्टी लिखने वाले एक आरोपी सटोरिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से सट्टा-पट्टी एवं नगदी 4040 जप्त किया गया। आरोपी सटोरिया के विरूद्ध थाना लवन में 4 क जुआ एक्ट एवं छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत अपराध क्र. 259/2025 पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई है।

**खबर संक्षेप**

### कारागुला में भीमसेन एकादशी मेला 6 को



**नर्रा।** बागबाहरा विकासखंड के ग्राम पंचायत पंडरीपानी के आश्रित ग्राम कारागुला में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष एकादशी व 6 जून शुक्रवार को भीमसेन एकादशी मेला का आयोजन किया गया है। यहां पर विराजित महाभारत काल के पांचों पांडव में भीम सेन, अर्जुन, युधिष्ठिर समेत भगवान कृष्ण, माता कुंती, द्रोपती, नकुल व सहदेव इत्यादि की प्रतिमाएं स्थापित है। आयोजक समिति के संयोजक खोलबाहरा निषाद, अध्यक्ष मोतीराम यादव, उपाध्यक्ष पीतांबर दीवान, सचिव श्रवण कुमार ठाकुर, कोषाध्यक्ष भोलाराम निषाद, ग्राम विकास समिति इत्यादि ने चर्चा में बताया कि इस ग्राम में मेला लगने के पीछे बहुत ही रोचक प्रसंग जुड़ा हुआ है। यह मेला 48वां वर्ष होने जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि 5 जून गुरुवार को कलश यात्रा के पश्चात दीप प्रज्ज्वलन होगा। इस अवसर पर रात्रि में पंडवानी कार्यक्रम दाई के कोरा नीरा चक्रधारी साल्हे रेसडा जिला बलौदाबाजार का कार्यक्रम होगा। वहीं दूसरे दिन प्रेम सुमन नाचा पार्टी ग्राम बेंदाड़ी तह छुरिया जिला राजनांदगांव छग कार्यक्रम रखा गया है।

### परकोम में डीजे डांस प्रतियोगिता आज

**नर्रा।** सनातन नवनिर्माण युवा समिति ग्राम परकोम के तत्वावधान में भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन आज 2 जून सोमवार को रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रभा परमेश्वर पटेल एवं विशिष्ठ अतिथि स्वास्थ्य विभाग सभापति लता कुम्हार, जनपद सदस्य पूजा एवन साहू, जनपद सदस्य लोचन पटेल एवं लखन लाल लखमनिया खरियाररोड़ होंगे।

### छग की जनजातियां एवं संस्कृति पर आधारित पुस्तक भेंट की

**महासमुंद।** पीएनबी के पूर्व महाप्रबंधक एवं लेखक विष्णु मोहन पांडा ने छत्तीसगढ़ के जनजाति एवं संस्कृति पर आधारित पुस्तक केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत एवं सचिव जनजातीय मामले के सचिव बिभु नायर को भेंट की। पुस्तक में छत्तीसगढ़ के स्वदेशी समुदायों, उनकी समृद्ध परंपराओं और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया है। यह उनकी जीवनशैली पर औद्योगिकीकरण और शहरीकरण के प्रभाव की भी जांच करता है तथा उनके लचीलेपन और सतत सांस्कृतिक पहचान पर जोर देता है। राज्य की जनजातियां सामाजिक रूप से बहुत विकसित हैं और अपने सामाजिक जीवन से संतुष्ट हैं। हमें उन्हें समझना चाहिए और उनकी गरिमा का सम्मान करना चाहिए। पांडा ने पर्यटन और संस्कृति पर 23 पुस्तकें लिखी हैं, जो मुख्य रूप से ओडिशा, छत्तीसगढ़ और नेपाल से संबंधित हैं। इसके अलावा उन्होंने भगवान राम, बौद्ध धर्म, जैन धर्म और बैंकिंग आदि पर भी पुस्तकें लिखी हैं। पांडा ने छत्तीसगढ़ पर्यटन और संस्कृति पर 4 पुस्तकें पहले ही प्रकाशित कर दी हैं।

**समस्या:** लगातार बारिश व आंधी से धान फसल खेतों में गिरी

# नौतपा के दौरान बारिश बनी रही राहत, किसानों के लिए आफत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

क्षेत्र में मई माह की 25 तारीख से शुरू हुआ नौतपा इस बार अपनी तपिश नहीं दिखा सका। आज नौतपा का अंतिम दिन है, और पूरे नौ दिनों में कभी सुबह तो कभी शाम हुई बारिश के कारण तापमान में अपेक्षाकृत ठंडक बनी रही। बारिश के इस क्रम ने जहां आम लोगों को गर्मी से राहत दी, वहीं किसानों के लिए यह मौसम नुकसानदायक साबित हुआ। रबी फसलें पककर तैयार हो गई हैं। अधिकांश कृषकों ने अपनी फसलों की कटाई कर उन्हें सुरक्षित घर तक पहुंचा दिया है,



किंतु कुछ किसानों की फसलें अभी भी खेतों में ही पड़ी हैं।

असमय वर्षा के कारण ये फसलें खराब होने की स्थिति में पहुंच गई हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। विशेष रूप से ग्राम अरंड, मोहदा, कोटादादर और अरंड जैसे क्षेत्रों में जिन कृषकों ने समय रहते फसल की लुआई नहीं की, उनकी फसलें बारिश की भेंट चढ़ गईं। तेज हवाओं और लगातार हो रही बारिश के चलते धान की फसलें जमीन में गिर गई हैं, जिससे कृषकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। ग्राम अरंड, नयापारा कला, कोटाददर मोहंदा के किसान विसंभर ध्रुव, भुवनलाल ठाकुर, देवी सिंह ध्रुव, अखिलेश ध्रुव, पंचराम ध्रुव ने बताया कि उनके धन की कटाई बारिश के कारण नहीं हो पाई है।

# बरेकेलखुर्द में 12 दिवसीय समर कैंप का आयोजन, विविध गतिविधियां हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)




समीपस्थ ग्राम बरेकेलखुर्द में लर्निंग एंड माइग्रेशन प्रोग्राम के अंतर्गत समर्थ संस्था द्वारा लर्निंग रिसोर्स सेंटर के माध्यम से 12 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इस शिविर में बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से सीखने के अवसर प्रदान किए गए, जिससे बच्चों में रचनात्मकता, जिज्ञासा और आत्मविश्वास का विकास हुआ। शिविर के दौरान बच्चों को कहानी, कला एवं शिल्प, खेल, आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता, स्टेम किट, गीत, विज्ञान के प्रयोग सहित विभिन्न विषयों पर गतिविधियां करवाई गईं। बच्चों ने चित्रकला, स्टोरी बुक निर्माण, साइंस मॉडल, जोड़-घटाव, गुणा, मापन, शब्द पहचान व शब्द रचना जैसी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। समर कैंप के माध्यम से ग्रामीण बच्चों को खेल-खेल में सीखने का अनूठा अवसर मिला। जहां एक ओर बच्चों ने रचनात्मक गतिविधियों से अपनी प्रतिभा को निखारा, वहीं दूसरी ओर उनके अभिभावकों और शिक्षकों ने भी बच्चों के शैक्षणिक विकास को नजदीक से देखा और सराहा। इस तरह के प्रयास न केवल बच्चों की शैक्षणिक नींव को मजबूत करते हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं।

समर कैंप के समापन अवसर पर ग्राम पंचायत बरेकेल खुर्द के सरपंच राजकुमार निराला, एसएमसी सदस्य आल्हा पटेल, सेवकराम पटेल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अक्षय ठाकुर, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक अंतर्यामी प्रधान, शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक रामकरण बघेल, समर्थ शिक्षक मुकेश कुमार मधुकर, शिक्षा मित्र रमा जांगड़े एवं कम्युनिटी मोबिलाइज़र मिलन मिरी उपस्थित रहे।

# कोमाखान तहसील में कानूनगो शाखा खोलने की मांग : अंकित

### अभी भी बागबाहरा तहसील कार्यालय में है आश्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने मांग करते हुए कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सोच के अनुरूप कोमाखान को तत्काल तहसील का दर्जा देते हुए तहसील कार्यालय खुलवाया जा चुका है, जिसका लाभ कोमाखान तहसील अंतर्गत रहने वाले ग्रामीणों को हो रहा है। परंतु, साय सरकार आए डेढ़ साल हो गए। परन्तु, आज दिनांक तक यहां कानूनगो शाखा नहीं खुली है, जिसका नुकसान ये है कि अगर किसी भी व्यक्ति को प्रकरण की नकल चाहिए या किसी का भी मुआवजा प्रकरण बनता है तो इस प्रकार के सभी



आवश्यक कार्यों के लिए आज भी कोमाखान तहसील को बागबाहरा कार्यालय के ऊपर आश्रित रहना पड़ता है। इस समस्या की जानकारी होते ही तत्काल अंकित बागबाहरा द्वारा जिलाधीश महासमुंद को जनदर्शन में आवेदन प्रस्तुत कर कोमाखान तहसील में शीघ्र कानूनगो शाखा खोलने की मांग की गई है।

# आवासीय खेल अकादमी बिलासपुर के लिए जिले के 8 खिलाड़ियों का चयन

### तीरंदाजी एवं हॉकी खेल में जिले के खिलाड़ियों ने चयन ट्रायल में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित आवासीय खेल अकादमी बिलासपुर के लिए राज्य स्तरीय चयन ट्रायल आयोजित किया गया, जिसी अंतिम मेरिट सूची जारी की गई। जिसमें तीरंदाजी एवं हॉकी खेल में जिले के खिलाड़ियों ने चयन ट्रायल में शामिल होकर बैटरी टेस्ट व स्किल टेस्ट में बेहतर प्रदर्शन किया। जिसमें तीरंदाजी खेल में बालक वर्ग में मनीष सिदार पिता सेत कुमार सिदार, टोपू ध्रुव पिता ओंकेश ध्रुव, प्रियांशु साहू पिता राकेश साहू व अमर सवर पिता प्रांती सवर एवं बालिका वर्ग में जया पहाटिया पिता फूलदास पहाटिया व तृषा प्रजापति पिता हीरामनी प्रजापति का चयन हुआ। हॉकी खेल में बालक वर्ग में बेमचा से डोगेश निषाद पिता जवाहर लाल निषाद एवं कुणाल



कुलदीप पिता रूपेश कुलदीप का चयन हुआ। चयनित खिलाड़ियों को शासन द्वारा निःशुल्क शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल सामग्री, प्रशिक्षण, भोजन, आवास, खेल किट उपलब्ध कराया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों को मूल दस्तावेज, संलग्न प्रपत्र सहित 9 जून को स्व. बीआर यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र बेहतराई बिलासपुर में 11 बजे तक उपस्थित होने कहा गया।

#### खिलाड़ियों के चयन पर जताया हर्ष

खेल अकादमी बिलासपुर के लिए जिले के खिलाड़ियों का चयन होने पर खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे, प्राचार्य एकलव्य महेंद्र टंडन, व्यायाम शिक्षक डॉ. सेवन दास मानिकपुरी, डॉ. सुनील कुमार भोई, छात्रावास अधीक्षक बॉल आश्रम बिहाझर, डॉ. पुर्नेंद्र चंद्राकर, जिला तीरंदाजी संघ अध्यक्ष डॉ. विकास अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अरविंद छाबड़ा, एवन कुमार साहू सचिव एवं तीरंदाजी प्रशिक्षक, सोमनाथ साहू, पिरित राम साहू, संजय पैकरा, जया साहू, नवलीन कौर, नीलम साहू इत्यादि ने हर्ष जताया है।

# शतरंज में उत्कृष्ट योगदान के लिए हेमंत हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

विप्र महाविद्यालय रायपुर में आयोजित आशीष शर्मा स्मृति राज्य स्तरीय ओपन शतरंज स्पर्धा पर पिथौरा निवासी हेमंत खुटे को शतरंज के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान टूर्नामेंट डायरेक्टर नवीन शुक्ला एवं फीडे आर्बिटर रोहित यादव द्वारा प्रदान किया गया। हेमंत खुटे पिछले 30 वर्षों से शतरंज जगत में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे शतरंज के एक कुशल खिलाड़ी



होने के साथ-साथ निर्णायक, कोच, मैनेजर, ट्रेनर, लेखक, स्तंभकार एवं इवेंट ऑर्गेनाइजर के रूप में भी अपनी सेवाएं देते आ रहे हैं। हाल ही में ऑल इंडिया चेस फेडरेशन ने उनकी सक्रियता को देखते हुए उन्हें चेस इन स्कूल्स कार्यक्रम का विशेष सदस्य मनोनीत किया है। वर्तमान में हेमंत खुटे महासमुंद जिला शतरंज संघ एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के सचिव के पद पर कार्यरत हैं। उल्लेखनीय है कि वे भारत की एकमात्र हिंदी खेल पत्रिका शतरंज सम्राट में भी कार्यकारी संपादक के रूप में निशुल्क सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। उनके इस समर्पण और योगदान को शतरंज समुदाय में अत्यंत सराहना मिल रही है।

# सरायपाली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मानसिक रोग उपचार शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

- शिविर में जिला चिकित्सालय महासमुंद टीम देंगी सेवाएं

स्वर्गीय मोहनलाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली में 2 जून को मानसिक रोग उपचार व परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें जिला चिकित्सालय महासमुंद के स्वास्थ्य टीम द्वारा मानसिक रोग जैसे अवसाद, चिंता, विकार, सिजोफ्रेनिया, नशे की लत वाले व्यक्तियों का उपचार और परामर्श किया जाएगा। इस संबंध में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ एचएल जांगड़े ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति के विचारों, मनोदशा या व्यवहार में भारी बदलाव होता है तो वह इस बात का संकेत हो सकता है कि उसे मानसिक बीमारी है। कभी-कभी कोई व्यक्ति अत्यधिक क्रोध, शत्रुता में हिंसा पर उतारू हो जाता है जो कि दैनिक समस्याओं या तनाव से निपटने में असमर्थता के कारण होता है एवं दोस्तों, सामाजिक व पारिवारिक गतिविधियों से दूरी बनाकर रहने लगता है, जो कि एक मानसिक विकार हो सकता है। यदि ऐसे मरीज आपके आसपास है तो उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली में प्रत्येक माह के प्रथम सोमवार को भेज सकते हैं। उपरोक्त जानकारी खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी सह मीडिया प्रभारी टीआर धृतलहरे ने दी है।

# नारी शक्ति की प्रतीक है रानी अहिल्याबाई होल्कर: सरला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

- अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर श्रद्धा और गर्व के साथ कर रहे स्मरण

अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया ने पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होल्कर को नमन करते हुए कहा कि भारत के इतिहास में कुछ महिलाएं ऐसी रही है, जिनका जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए आदर्श बन गया। उन्ही में से एक है राजमाता अहिल्याबाई होल्कर, जिनकी 300वीं जयंती पर हम श्रद्धा



और गर्व के साथ इन्हें स्मरण कर रहे हैं। कोसरिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार का संकल्प हर नारी समर्थ बने। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में अहिल्याबाई होल्कर के पदचिन्हों पर चलते हुए नारी सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। छत्तीसगढ़ सरकार ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना की शुरुआत की है। महिलाओं की सुरक्षा और न्याय के लिए महिला हेल्प लाईन 181, सखी वन स्टॉप सेंटर, फास्ट ट्रैक कोर्ट, विधिक सहायता जैसे उपाय सुनिश्चित किए गए है। उन्होने कहा कि मालवा साम्राज्य की रानी अहिल्या बाई होल्कर की जयंती केवल एक स्मरण नही, बल्कि संकल्प का अवसर है।

# बाल व्यक्तित्व विकास शिविर आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान 2 से 8 जून तक बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का निःशुल्क आयोजन होने जा रहा है। सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति ने एक विज्ञप्ति में बताया कि विद्यार्थी जीवन में कला शक्ति और सद्गुणों के विकास के लिए संस्थान द्वारा चलाए जा रहे समर कैंप बाल व्यक्तित्व विकास शिविर स्थानीय सेवाकेंद्र उपकार भवन नयापारा वार्ड में आयोजित की जाएगी। जिसमें कक्षा 6वी से 10वी के विद्यार्थी प्रातः 8 से 10 बजे तक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। जीवन मूल्य शिक्षण, राजयोग ध्यान सत्र, गेम्स वेल्यू, विविध प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, आकर्षक उपहार इस शिविर के मुख्य आकर्षण होंगे।

### छप्पर मरम्मत कार्य में जुटे ग्रामीण



**नर्रा।** क्षेत्र में बीते सप्ताहभर से अधिक हो गए बेमौसम बारिश के कारण काम काज ठप रहा। मौसम खुलते ही ग्रामीण काम काज में जुट गए हैं। कुछ ग्रामीण अपने कच्चे मकान की छप्पर मरम्मत के कार्य में नजर आए।

# बीज उत्पादक किसानों को अनुदान, प्रोत्साहन राशि प्रदान किया जाएगा: चंद्रहास

### छत्तीसगढ़ बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने रूआबांधा बीज प्रक्रिया केंद्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) चंद्रहास चंद्राकर 31 मई को दुर्ग जिले के रुआबांधा बीज प्रक्रिया केंद्र में आयोजित कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न ग्रामों से लगभग 60 बीज उत्पादक कृषक शामिल हुए। अध्यक्ष चंद्राकर ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि विभिन्न जिलों में स्थित बीज प्रक्रिया केंद्रों के भ्रमण के दौरान कृषकों ने उन्हें समस्या व मांगों से अवगत कराया है। अतः शीघ्र ही बीज निगम के उत्पादक कृषकों के लिए उत्पादन अनुदान, प्रोत्साहन राशि तथा परिवहन अनुदान के दिशा में सार्थक कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून 2025 तक प्रधानमंत्री की मंशा अनुसार कृषकों से प्रत्यक्ष जुड़ाव एवं संवाद के माध्यम से देश की कृषि और किसान को संपन्न बनाने के लिए जारी है। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक किसानों की भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने द्वारा उपसंचालक कृषि दुर्ग को भी किसानों के मांग के अनुरूप ही बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित



कराने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कृषकों ने बीज उत्पादन पर विचार रखे गए। कृषक दीपक चंद्राकर ग्राम-औरी तथा पुरानिक साहू ग्राम-रीवागहन द्वारा अपने उन्नत कृषि गतिविधियों सहित बीज उत्पादन कार्यक्रम के लाभकारी अनुभवों को साझा किया गया। महासमुंद के प्रगतिशील कृषक शंकरलाल चंद्राकर एवं ग्राम-उरला के कृषक शंकरदास सोंधी ने कहा कि छग राज्य हेतु अनुशंसित फसलों के पुराने किस्म आज भी अधिक उत्पादन दे रहे हैं। अतः इन्ही के समतुल्य नई किस्मों को भी कृषक भाइयों को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान निगम अध्यक्ष चंद्राकर ने 6 समितियों में बीज भंडारण के लिए वाहनों को हरी झंडी दिखाकर भी रवाना किया गया। बीज प्रक्रिया केंद्र के गोदामों का कृषकों के साथ मिलकर अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान बीज प्रबंधक एसके बेहरा ने बताया कि जिले के कृषकों द्वारा हमेशा उन्नत तथा अच्छी गुणवत्ता का बीज उत्पादन किया जाता है। जिसके फलस्वरूप चालू खरीफ 2025 के दौरान इस प्रक्रिया केंद्र से लगभग 3500 किंवटल बीज की आपूर्ति राज्य के अन्य जिलों को किया गया है साथ अपने जिले के मांग अनुरूप 80 प्रतिशत बीज भंडारण किया जा चुका है। कार्यक्रम में उपसंचालक कृषि संदीप भोई, जिला पंचायत कृषि स्थायी समिति के अध्यक्ष नीलम चंद्राकर, महासमुंद जिले के प्रगतिशील कृषक शंकरलाल चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर, सुरेश चंद्राकर सहित बीज निगम, बीज प्रमाणीकरण संस्था के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### दो पक्षों के बीच मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम रिसेकेला में दो पक्षों के बीच मारपीट के मामले में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को तुलसीराम डडसेना ग्राम रिसेकेला ने बताया कि 30 मई की रात गांव अजय चौहान द्वारा मोहल्ले में शराब पीकर गाली गलौज कर रहा था। जिसे मना किया तो आरोपी अजय चौहान एवं उसके पिता जयलाल चौहान द्वारा गाली गलौज कर हाथ मुक्का एवं डंडा से मारपीट की गई। वहीं दूसरे पक्ष के अजय चौहान ने बताया कि 30 मई की रात करीब 7 बजे हेमसागर डडसेना, खेमराज डडसेना उसे देखकर गाली गलौज कर रहे थे। जिसका विरोध किया तो उन्होंने विवाद कियाथा। 31 मई की सुबह जब वह अपने घर से करीब 7:30 बजे तालाब जाने के लिए निकला था, तभी हेमसागर ने उसे देखकर गाली दी और हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा। आवाज सुनकर सेतकुमार और तुलसी डडसेना एवं उसके अन्य साथी डंडा लेकर आये और सभी एक राय होकर गाली गलौज करते हाथ-मुक्का से मारपीट करने लगे। पुलिस ने दोनों ही मामलों में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**महासमुंद।** बाइक से अपने घर आ रहे युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। पुलिस को प्रार्थी धनीदास खुंटे निवासी ग्राम सोनपुर ने बताया कि 30 मई को उसका बेटा सुशील कुमार खुंटे रायपुर से अपने मोटर सायकल एचएफ डीलक्स से घर ग्राम सोनपुर आ रहा था। ग्राम मेमरा चौक के पास पहुंचने पर रायपुर, पिथौरा की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर सुशील कुमार के मोटर सायकल को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार हेतु एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी पिथौरा लाया गया जहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद मृत्यु हो जाना बताया। मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## खबर संक्षेप



### 5 स्थानों पर राहत देने शीतल जल सेवा केंद्र

**रायपुर।** साधक परिवार द्वारा शहर के 5 अलग-अलग स्थानों पर लोगों को शीतल जल उपलब्ध कराने शीतल जल सेवा केंद्र खोले गये हैं। जिसमें विधानसभा जीरो पाइंट ओवर ब्रिज के पास, भाठागांव अंतर्राज्यीय बस स्टैंड के समीप यात्रियों और आम जनता को निःशुल्क पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी तरह अमलेश्वर थाना के सामने, तेलीबांधा क्षेत्र के मरीन ड्राइव और वीआईपी रोड में यह सेवा संचालित है। शोभराज मल ने बताया कि 11 मार्च से रेल्वे स्टेशन क़े प्लेट फार्म नंबर 1,2 व 5 में तथा सर्व धर्म मंदिर क़े सामने शीतल जल सेवा केंद्र मे आम जनताक़ो मटके का ठंडा पानी निशुल्क वितरण किया जा रहा है।

### मुख्य मार्ग से हटाये अवैध ठेला-गुमटी

**रायपुर।** टीम प्रहरी के अभियान के अंतर्गत शनिवार को जोन 9 के नगर निवेश विभाग मुख्यालय नगर निवेश उडनदस्ता की टीम ने शंकर नगर टर्निंग पाइंट से जीरो पॉइंट विधानसभा मुख्य मार्ग तक अवैध गुमटियों को हटाने कार्यवाही की। वहीं आमापारा चौक में सड़क मार्ग से अवैध ठेलों और गुमटियों को हटाने की कार्यवाही की गयी। सड्डु और मोवा मुख्य मार्ग में मार्ग विभाजकों के मध्य चौक - चौराहों में, विद्युत पोलों में लगाए गये अवैध बैनरों और पोस्टरों को हटाया गया।

### शिवाजी उद्यान में पौधारोपण

**रायपुर।** निगम जोन 1 अमले ने वीर शिवाजी उद्यान परिसर खमतराई में पौधा रोपण किया। पौधों की सुरक्षा, खाद, पानी की व्यवस्था के साथ इसके देखभाल की जिम्मेदारी जन सहभागिता से करने नागरिकों से अपील की गयी। इस मौके पर जोन कमिश्नर डॉक्टर दिव्या चंद्रवंशी, कार्यपालन अभियंता डी. के. पैकरा सहित जोन के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बृजमोहन बने एफसीआई छत्तीसगढ़ परामर्शदात्री समिति के अध्यक्ष

**रायपुर।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल को केंद्र सरकार की तरफ से नई और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) की छत्तीसगढ़ राज्य परामर्शदात्री समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना और पूर्व निर्धारित प्रक्रिया के तहत की गई है। यह दायित्व उन्हें तत्काल प्रभाव से सौंपा गया है। श्री अग्रवाल ने इस दायित्व के लिए भारत सरकार, उपभोक्ता मामले मंत्रालय तथा पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# सुशासन तिहार में 500 आवेदन, जल आवर्धन में भ्रष्टाचार की शिकायत

## बिरगांव निगम ने तीसरे चरण में लिया आवेदन, पुराने प्रकरण का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

बिरगांव निगम के वार्ड 21 से 40 में रहने वालों के लिए समाधान शिविर आडवानी ऑर्लिकॉन स्कूल में लगाया गया। इससे पहले प्रथम चरण में 8 से 11 अप्रैल के बीच 4500 आवेदन मिलने पर ऑनलाइन एंट्री की गई। निराकरण के लिए विभागों को ऑनलाइन और पत्र के माध्यम से भेजा गया। दूसरे चरण में प्राप्त आवेदन पत्रों को विभागवार छंटनी करके भेजा गया। अब तीसरे चरण में समाधान शिविर के बीच 500 नए आवेदन लोगों ने दिए हैं। इनमें 104 करोड़ की जल आवर्धन योजना में भ्रष्टाचार की शिकायत भी शामिल है। निगम आयुक्त युगल किशोर उर्वाशा ने 22 मई को वार्ड 14 के रामायण मेला मैदान रावांभाठा में शिविर आयोजित किया। इसमें वार्ड 01 से 20 की जनता से मिले आवेदनों के समाधान की जानकारी भी दी गई। तीसरे चरण में वार्ड 21 से 40 के लोगों से प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने के लिए आडवानी स्कूल में समाधान शिविर हुआ। प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई।

इस समाधान शिविर में निगम द्वारा 40 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 21 आयुष्मान कार्ड,06 ड्राइविंग लाइसेंस, 06 आय एवं मूल निवास प्रमाण पत्र, पीएम आवास योजना के 07 हितग्राहियों को चेक दिया गया। 10 हितग्राहियों को मजदूर कार्ड, 02 श्रवण यंत्र, 05 महिलाओं की गोद भराई, 05 बच्चों का अन्नप्राशन, 03 किशोरी का सम्मान एवं 02 स्वस्थ बच्चों को सुपोषण किट विधायक मोतीलाल साहू ने दिया। इस दौरान महापौर नंदलाल देवांगन, नेता प्रतिपक्ष ओमप्रकाश साहू, एमआईसी मेंबर इकराम अहमद मौजूद थे।

### जल आवर्धन की जांच के लिए आवेदन

बिरगांव में 104 करोड़ के खारुन से जल आवर्धन योजना में व्यापक भ्रष्टाचार हुआ है। इसकी शिकायत पूर्व नेता प्रतिपक्ष भीखम देवांगन ने किया है। सुशासन शिविर में बताया कि निगम में 104 करोड़ के जल आवर्धन योजना को स्वीकृति मिली। उसमें मानक के अनुरूप पानी टंकी का निर्माण नहीं हुआ। जो छड़ पानी टंकी बनाने के लिए यूज किया जाना चाहिए, उससे कम एमएम का लगाया। वार्डों में भी पाइपलाइन डालने में भ्रष्टाचार व मनमानी अधिकारियों और महापौर द्वारा की गई। इसकी जांच के बाद दोषियों पर भी कार्रवाई करें।

सुशासन तिहार 2025

## अभियान : जल बचाओ आंदोलन को मिल रहा समर्थन

# करहुल में जल संरक्षण रैली, रेन वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा



लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के द्वारा सिमगा ब्लॉक के ग्राम पंचायत करहुल में जल संरक्षण को लेकर रैली का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर सहायक अभियंता कन्हैया लाल देवांगन ने कहा कि जल संकट की बढ़ती समस्या को देखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल संरक्षण के लिए एक सराहनीय पहल की शुरुआत की गयी है जिसके तहत गांव में वर्षा जल संचयन (रेन वॉटर हार्वेस्टिंग) को बढ़ावा देने, पुराने जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार करने तथा नालियों के पानी का पुनर्चक्रण (रिसाइक्लिंग) कर खेती में उपयोग की योजना बनाई गई है। साथ ही, प्रत्येक घर में पानी की बर्बादी रोकने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

करहुल पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि समारू जांगड़े ने बताया, कि जल ही जीवन है। अगर आज हम इस अमूल्य संसाधन की रक्षा नहीं करेंगे तो आने वाली पीढ़ियाँ भारी संकट में होंगी। हमारा लक्ष्य है कि गांव का हर नागरिक जल संरक्षण को अपने जीवन का हिस्सा बनाए। गांव के स्कूलों, महिला मंडलों और युवा समितियों को भी इस अभियान से जोड़ा गया है ताकि समुदाय स्तर पर जागरूकता फैलाई जा सके। साथ ही वृक्षारोपण, सोख्ता गड्ढों का निर्माण, और जल संरचनाओं की मरम्मत जैसे कार्य भी शुरू किया गया। इस पहल को ग्रामीणों और स्थानीय प्रशासन का भरपूर समर्थन मिल रहा है यह अभियान हमें हमारे भविष्य में होने वाली जल संकट को रोकने के दिए कारगर साबित होगी।

**ये रहे उपस्थितः** उक्त कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता कन्हैया लाल देवांगन, जिला समन्वयक राजकुमार कोसले, करहुल पंचायत के सरपंच आशा समारू जांगड़े, आकाश, उपसरपंच संगीता सिंह चौहानों, सक्रिय महिला राजेश्वरी यादव, पंच लखनी साहू एवं महिला समूह, ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# विश्व सायकिल दिवस पर निकाली सायकिल रैली







हरिभूमि न्यूज ▸▸| कसडोल

खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में विश्व सायकल दिवस के अवसर पर सायकल रैली का आयोजन शासकीय गुरुघासीदास स्कूल मैदान में किया गया। जिसमें खेलो इंडिया सेंटर के सभी खिलाड़ियों ने सहभागिता लिया। सायकल रैली के सुभारम्भ पर मुख्य अतिथि डॉ सुदीप मानिकपुरी (मंडल अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष नगर पंचायत कसडोल, पुणेश्वर नाथ मिश्रा (पार्षद नगर पंचायत कसडोल), भानु प्रताप साहू (पार्षद नगर पंचायत कसडोल), भावेश यादव (युवा नेता),एस आर नायक (उप निरीक्षक) के द्वारा हरी झंडी दिखाकर सायकल रैली को रवाना किया गया। सायकल रैली स्कूल मैदान से निकलकर गायत्री चौक मेन रोड होते हुए नगर के यूको बैंक से रिटर्न होकर स्कूल मैदान में समापन किया गया। इस अवसर पर आलोक मिश्रा, संतोष साहू, कमलेश कश्यप, राजकुमार कैवर्त, राघवेंद्र राव, मनोज पात्रे, यश यादव, लोकेश साहू उपस्थित रहे।

# नागरिक खैरवारडीह वन संरक्षण के लिए आएं आगे

**भरूवाडीह/सैहा/गुमा ।** अंचल के सभी नागरिक भली-भांति यह जानते हैं कि जगत में प्रत्येक जीवों के जीवन का संचालन इन पॉच तत्वों सांस (आक्सीजन), जल, अन्न, धरती एवं आकाश तथा प्रकाश से होता है,जो कि हमें पर्यावरण से प्राप्त होते हैं और पर्यावरण वनों से प्राप्त होते हैं, सम्माननीय नागरिकों जीवन संरक्षण हेतु गौरतलब है कि 1 से 5 जून तक दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण हेतु जनजागृति के मुख्य उद्देश्य से विश्व पर्यावरण दिवस मनाये जाते हैं।



इस पावन अवसर पर प्रति ब्यक्ति का जग में अपनी सार्थक उपस्थिति बाबत दुनिया के सबसे बड़ी दाखिल/खारिज मां धरती की गोद रूपी रजिस्टर में अपने और परिजनों के प्रत्येक जन्म दिवस पर पौधे रुपी नन्हे कलम पीपल, नीम, बरगद, और आम, जैसे अन्य पौधे लगाकर हस्ताक्षर करें श्रृंगार करें ताकि आपके कई जन्मों और चिर काल तक जगत में आपकी उपस्थिति का अमिट यादगार और हस्ताक्षर मौजुद रहे।

# रक्तदान व निःशुल्क जांच शिविर, 35 यूनिट रक्त किया गया संग्रहित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पवन



नवापारा में रक्त दान एवं निःशुल्क जॉच शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत पंडरीपानी नवापारा के युवाओं द्वारा किया गया। रक्तदान शिविर का आयोजन आशीर्वाद ब्लड सेंटर भाठापारा के सहयोग से किया गया। शिविर में 35 यूनिट रक्त इक्ट्ठा किया गया। युवा नेता व रक्तदान वीर मिथलेश लहरें ने बताया कि इस शिविर में 35 यूनिट रक्त इक्ट्ठा हुआ।

■ ग्राम पंचायत पंडरीपानी के युवाओं की पहल, आशीर्वाद ब्लड सेंटर के सहयोग से हुआ आयोजन

उन्होंने बताया कि लोगों द्वारा रक्त दान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम माना जाता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है।नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है। उन्होंने बताया कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है। ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए इससे जरुरत मंद की मदद हो सकेगी। शिविर में आप पास के लोगों ने रक्तदान एवं निःशुल्क जांच कराया।

### ये रहे उपस्थित

इस रक्तदान एवं निःशुक्ल जांच शिविर में सरपंच नीरा साहू, सरपंच प्रतिनिधि प्रहलाद साहू, लोकनाथ लहरें, कमलेश साहू, राम पंकज, कमलेश लहरें, चरण रात्रे, योगेश साहू, लखन साहू, भूषण लहरे, त्रिलोकी साहू, सैम्युल जांगड़े, हरिशंकर साहू, अरमान ख़ान, समीर कमल, चिंता निराला, छमेश्वर बंजारे, मनीष जांगड़े, सहित सौकड़ों लोग उपस्थित थे।

# 7 साल से कर भुगतान नहीं करने वाले दो व्यवसायी को स्टेट जीएसटी ने घेरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

मेसर्स बंसल ट्रेडिंग कार्पोरेशन, अंबिकापुर के व्यवसाय स्थल पर स्टेट जीएसटी विभाग द्वारा जांच की कार्यवाही की गई। भारत सरकार द्वारा संचालित जीएसटी पोर्टल के अनुसार इनका रिस्क स्कोर 10 आ रहा था, जिसका आशय होता है कि फर्म कर अपवंचन में संलिप्त है। जब मौके पर जांच टीम पहुंची, तो देखा कि उनके व्यवसाय स्थल पर व्यवसाय से संबंधित कोई भी लेखा पुस्तक या कोई भी सॉफ्टवेयर जैसे कि टैली का संधारण नहीं पाया गया, जिससे कर अपवंचन की संभावना और भी प्रबल हो गई। आगे जांच में पाया गया कि वर्ष 2017-18 से वर्ष 2024-25 तक कुल टर्न ओव्हर लगभग 158 करोड़ रुपए से अधिक है, किंतु उस पर कर का नकद भुगतान शून्य किया गया है। साथ ही साथ जब ई-वे बिल की जांच की गई, तो पता चला कि वर्ष 2023-24 में 29.50 करोड़ रुपए के माल की खरीदी की गई, किंतु माल की सप्लाई मात्र 50 लाख रुपए की ही की गई, जिससे यह पता चलता है कि माल का विक्रय आम उपभोक्ता को किया गया है, किंतु बिल को अन्य व्यवसायियों को बेचकर बोगस इनपुट टैक्स का लाभ दिया गया है, जिससे कि केंद्र सरकार के साथ राज्य सरकार को कर राजस्व की अत्यधिक हानि हुई है। जांच के दौरान व्यवसायी ने अपनी गलती त्रुटि स्वीकार करते हुए स्वैच्छिक रूप से 40 लाख रुपए कर भुगतान करने की मंशा जाहिर की, किंतु जीएसटी विभाग के अधिकारियों नें व्यवसायी से लेखा पुस्तक एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने की मांग की। व्यवसायी की ओर से अभी तक कोई भी जानकारी एवं दस्तावेज प्रस्तुत नही किया गया है।




### ई-वे बिल में गड़बड़ी

साथ-साथ 30 एवं 31 मई को मेसर्स लक्ष्मी ट्रेडर्स, अंबिकापुर के व्यवसाय स्थल पर स्टेट जीएसटी विभाग अंबिकापुर द्वारा जांच की कार्यवाही की गई है। जांच में पाया गया कि वर्ष 2017-18 से वर्ष 2024-25 तक कुल टर्न ओव्हर लगभग 96 करोड़ रुपए से अधिक है, किंतु उस पर कर का नकद भुगतान नहीं किया गया है। साथ ही साथ जब ई-वे बिल की जांच की गई, तो ज्ञात हुआ कि वर्ष 2023-24 में 11 करोड़ रुपए के माल की खरीदी की गई, किंतु माल की सप्लाई मात्र 7 रुपए करोड़ की ही की गई है। जांच के दौरान व्यवसायी ने अपनी गलती त्रुटि स्वीकार करते हुए स्वैच्छिक रूप से 17.55 लाख रुपए कर भुगतान किया।

# महाराणा प्रताप की जयंती पर वीरता-स्वाभिमान को किया नमन

**रायपुर।** महाराणा प्रताप की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनकी वीरता और राष्ट्रभक्ति को स्मरण करते हुए युवाओं को उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिलेश सिंह के नेतृत्व में किया गया। बंजारी माता मंदिर



बिरगांव में राहगीरों के लिए महाभंडारे का प्रसाद और ठंडे छाछ की व्यवस्था की गई, जिससे सभी को सेवा का लाभ मिला। इस अवसर पर कई सामाजिक संगठनों की सहभागिता रही। कार्यक्रम में सर्व समाज करणी सेना, ब्रह्मऋषि भूमिहार ब्राह्मण समाज से डीके शर्मा, चाय मित्रगण समिति से शेषनाथ तिवारी, भोजपुरी समाज से प्रदेश उपाध्यक्ष अजय सिंह तथा बोल बम सेवा समिति से दया सिंह सहित अन्य संगठनों के पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# खुले ट्रांसफॉर्मर दे रहे गंभीर हादसों को न्योता, मासूम बच्ची बाल-बाल बची, लोगों ने किया बिजली दफ्तर का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



राजधानी रायपुर के चंगोराभाठा इलाके के रामनगर में एक खुले ट्रांसफॉर्मर के नीचे लटक रहे बिजली तार की चपेट आई एक पांच वर्षीय मासूम बच्ची की जान बाल-बाल बच गई।

इस घटना के बाद बच्ची के परिजनों सहित अन्य लोगों ने वार्ड पार्षद ममता सोनू तिवारी के नेतृत्व में चंगोराभाठा बिजली दफ्तर का घेराव कर दिया। बताया जा रहा है कि लोग इस खुले ट्रांसफार्मर और वहां लटक रहे बिजली तार के लिए सुरक्षा घेरा बनाने की मांग कर चुके हैं। इसके बाद भी बिजली विभाग के अधिकारी कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। बारिश का सीजन शुरू हो गया है। इसके बाद भी शहरभर में अनेकों स्थानों पर लगे बिजली विभाग के ट्रांसफार्मर खुले पड़े हुए हैं। इन खुले ट्रांसफार्मर में कई जगह तार भी जमीन तक लटके हुए हैं, जो हादसों को न्योता दे रहे हैं। ऐसी ही स्थिति चंगोराभाठा के रामनगर की है। यहां चंद्राकर दुकान के सामने ट्रांसफार्मर लगा हुआ है जो खुला हुआ है। इस ट्रांसफार्मर में लगे तार भी जमीन से 3 से 4 फीट उपर तक लटक रहे हैं। इस मोहल्ले में रहने वाला अजय यादव की 5 साल की बेटी हर्षिता घर के बाहर खेल रही थी। खेलते-खेलते वह ट्रांसफार्मर के करीब पहुंची, तभी अचानक भूल से उसने जमीन पर झूल रहे तार को पकड़ लिया, जिससे वह करंट की चपेट में आ गई। अजय यादव ने बताया कि जिस समय उसकी बेटी को करंट लगा, उस समय एक राहगीर वहां से गुजर रहा था, जिसने बच्ची को बिजली के तार से चिपकते देख तत्काल लकड़ी से तार को मारकर उसकी जान बचा ली। इस घटना के बाद बच्ची के परिजनों ने इसकी शिकायत वार्ड पार्षद से की, जिसके बाद पार्षद के नेतृत्व में मोहल्लेवासियों ने चंगोराभाठा बिजली दफ्तर कर घेराव कर खुले ट्रांसफार्मर में सुरक्षा घेरा बनाने तथा जमीन तक लटक रहे तारों को ऊपर करने मांग की है।

## पेज 11 के शेष

### प्रगतिशील छग...

जांच किया जाएगा । नाम वापस करने के लिए 13 जून 2025 निर्धारित किया गया है। उसी दिन नाम वापसी उपरांत अभ्यर्थियों की सूची एवं चुनाव चिन्ह आवंटित किया जाएगा। 29जून 2025 को सुबह 8बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होगा। मतदान उपरांत उसी दिन मतगणना किया जाएगा।

प्रगतिशील छग सतनामी समाज के निर्वाचन अधिकारी के एल रवि सहायक निर्वाचन अधिकारी एस आर बांधे, सहायक निर्वाचन अधिकारी के डी सोनवानी एवं कार्यालय सहायक कृष्णा कुमार कोशले होंगे। उक्त जानकारी देते हुए निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन में वहीं अभ्यर्थी बन सकते हैं तो प्रगतिशील छग सतनामी समाज के आजीवन सदस्य हों, संरक्षक सदस्य या ऐसे सदस्य जिनकी सदस्यता पिछले 2 वर्ष से लगातार जीवित हो तथा नामांकन तिथि से आगामी 3 वर्ष तक के लिए जीवीत। हों इस संबंध में कोई भी जानकारी संस्था के प्रदेश कार्यालय न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर में संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं। मतदाता सूची के संबंध में प्रदेश कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं या सोशल मीडिया के माध्यम से अवलोकन कर दावा-आपत्ति कर सकते है ।

### साहू समाज भवन...

मूर्त रूप देने के उद्देश्य से समाज के प्रतिनिधि उनसे मिलने पहुंचे। प्रतिनिधियों की बात को गंभीरता से लेते हुए श्री अरुण साव ने मौके पर ही जिलाधीश को फोन कर साहू समाज भवन निर्माण कार्य की प्रक्रिया तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह समाज के हित से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है और इसे प्राथमिकता दी जाएगी। उपमुख्यमंत्री की तत्परता और संवेदनशीलता से समाजजनों में उत्साह का माहौल है। प्रतिनिधियों ने उनका आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि जल्द ही दतान में साहू समाज भवन का निर्माण शुरू होगा।

### संविधान बचाओ रैली...

बचाने हेतु राहुल गांधी पूरे देश में घूम कर अपील कर रहे हैं कि भारत को बचाना है संविधान को बचाना है इसलिए सभी कांग्रेसजनो से अपील है कि राहुल गांधी के महाअभियान को सफल बनाए संविधान बचाए। जिलाध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश के लोकतांत्रिक व्यवस्था बचाए रखने, संविधान को बचाए रखने के लिए केंद्र सरकार की दमनकारी नीतियों का विरोध करे जिससे लोगों के अधिकारों को बचाया जा सके।

## खबर संक्षेप



### सरस्वती नगर में निकला अजगर, मोहल्ले में दहशत

**रायपुर।** सुबह-सुबह भारी बारिश के बाद सरस्वती नगर इलाके में निकले अजगर ने दहशत फैला दी। रेलवे स्टेशन के समीप घूम रहे इस लगभग दो फीट लंबे सांप की सूचना पर पहुंची टीम ने उसका रेसक्यू किया। बारिश के मौसम में विभिन्न इलाकों में सांप-बिच्छू निकलने की घटना सामने आ रही है। बताया जाता है सरस्वती नगर रेलवे स्टेशन के समीप रहने वाले लोगों की नजर कचरे के ढेर में घूम रहे लगभग तीन फीट सांप पर पड़ी। सांप होने की सूचना मिलते ही वहां भीड़ एकत्रित हो गई। इस बीच जानकार लोगों ने उसके अजगर होने की जानकारी दी। सूचना मिलने पर सांप पकड़ने वाली टीम वहां पहुंची और सांप का रेसक्यू किया गया। अनुमान लगाया जा रहा है कि सांप आसपास मौजूद चूहों की तलाश में बाहर निकला होगा और लोगों की नजर में आ गया होगा। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि पहली बार अजगर निकलने के बाद लोगों में दहशत है। इधर बारिश के साथ उमस की स्थिति बनने के बाद विभिन्न इलाकों में विषधर निकलने की शिकायत सामने आने लगी है।

### सिंगर्स के सुरों से आज सजेगी गीतों की महफिल

**रायपुर।** हार्मोनी म्यूजिकल ग्रुप द्वारा 1 जून को शाम 6.30 बजे संगीतमयी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम रजबंधा मैदान के पास स्थित मायाराम सुरजन हॉल में होगा। यह कार्यक्रम मैथिल ब्राह्मण समाज के लगभग 20 गायक-गायिकाओं के सहयोग से किया जाएगा। ग्रुप के डायरेक्टर संजीव ठाकुर ने बताया कि रायपुर, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगाव, जगदलपुर, जबलपुर के गायक कलाकारों द्वारा गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी।

### यादव समाज को प्रतिनिधित्व देने सीएम ने नाम सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में यादव समाज की बड़ी आबादी और राज्य के विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान के बावजूद प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल और विभिन्न निगम-मंडलों में उनके अपर्याप्त प्रतिनिधित्व पर यादव समाज ने गहरी चिंता व्यक्त की है। छत्तीसगढ़ (ठेठवार) यादव समाज महासभा के प्रांताध्यक्ष गुलेन्द्र कुमार यादव ने इस स्थिति पर विरोध जताया है। सर्व यादव समाज के नेतृत्व में राजिम महासभा के आदेशानुसार कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह को राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु, संतोष यदु, मनीराम यादव, शोभाराम यादव, हीराराम, केशरी यदु एवं कई प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे।

### चैंबर के नवगठित पदाधिकारियों का परिचय सम्मेलन, प्रमाणपत्र सौंपे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के नए पदाधिकारियों का परिचय सम्मेलन शनिवार को राजधानी के बाम्बे मार्केट स्थित चैंबर सभा भवन में आयोजित हुआ। इस मौके पर पदाधिकारियों को प्रमाणपत्र सौंपे गये। विक्रम सिंह देव को चैंबर का प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है, इसके लिए उन्होंने चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर मनोनयन कर जो विश्वास व्यक्त किया गया, उसके लिए वे आभारी हैं। कार्यकारिणी पहली बैठक में 200 से ज्यादा नए सदस्य जोड़े गये। वही चैंबर के कर्मचारियों के वेतन में 10 फीसदी की वार्षिक वृद्धि की गई। चैंबर ऑफ कामर्स के नवगठित पदाधिकारियों का परिचय सम्मेलन और कार्यकारिणी की पहली बैठक शनिवार को आयोजित हुई।

# बीएड 2016-18 बैच का हुआ रियूनियन, मिले पुराने साथी हुईं नई बातें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरोरा

अरे तू कितना मोटा हो गया, तुम तो बिल्कुल नहीं बदले, तेरी आदत वैसी ही है, तुम नहीं सुधरोगे, तेरी पदोन्नति हो गई की नहीं, सेवानिवृत हो गए पर जवान लग रहे हो, ऐसे जुमलों के साथ एक दूसरे से गले मिलते शिक्षा महाविद्यालय रायपुर के 2016-18 बैच के बी.एड. स्टूडेंट का मिलन समारोह का आयोजन रायपुर में एक होटल संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व छात्रों द्वारा बी .एड .में होने वाली गतिविधि स्मरण करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना सभा ,सरस्वती वंदना,राष्ट्र गीत, सुविचार, प्रेरणा गीत के साथ किया गया।अपनी पुरानी यादों को तरो ताजा किया।

समारोह की खासियत यह रही कि समाज,पर्यावरण,देश सेवा में अपनी सहभागिता कैसे निभाए इस पर मंथन हुआ। इसका आयोजन कड़ी मेहनत से किया गया। छात्रों की खुशी इतनी थी कि खुशी से आंखों से आंसू छलक आए। छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों से पहुंचे साथी अपने जीवन की सफलता ,अपने द्वारा किए गए कार्यों को याद किया। कुछ अपने जीवन की ऊंचाइयों को छू रहे हैं ,पर्यावरण एवं शिक्षा के क्षेत्र में नहीं आयामों को योगदान देने की बात कही, सबने पारिवारिक परिचय के साथ अपने बीते समय को याद किया। अपने जीवन में लक्ष्य की विस्तार की जानकारी दी।

## सहपाठियों ने साझा की सफलता की कहानियाँ, शिक्षा व पर्यावरण पर हुए विचार-विमर्श




### इन्होंने निभाई अहम भूमिका

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुरेखा बावरिया, सेवक राम, दुखित राम साहू, अवध वर्मा, सुनील नायक, बबीता गांगने, यमुना साहनी, हेमलता साहू, मोहित वर्मा ,पुनाराम वर्मा, उमेश चौधरी, दिलीप मरकाम, नीता सिंह, वर्षा, धर्मराज साहू, अंजू सिंह, वंदना काले, ज्योत्सना, श्रवण आदि सहपाठियों ने अपने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में प्राचार्य पद पदोन्नत सूची में मोहित वर्मा,पुनाराम वर्मा का नाम आने पर बधाई दिया गया। अंत में सेवानिवृत हुए अवध वर्मा एवं सुनील नायक का सम्मान अभिनंदन किया गया।

## हजारों की उपस्थिति में हुई कलश यात्रा, भजन-पूजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से गूंजा महादेव घाट

# जयंती पर अहिल्या बाई की प्रतिमा का किया अनावरण और शिव मंदिर में की प्राण-प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरोरा

छत्तीसगढ़ देसहा गड़रिया पाल के सौजन्य में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती रायपुर के रायपुरा महादेव घाट स्थित पाल सामाजिक भवन में हजारों लोगों की उपस्थिति में मनाई गई। इस दौरान परिसर में बने अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का अनावरण एवं नवनिर्मित शिव मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह भी सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बाजे-गाजे के साथ खारून नदी तक आकर्षक कलश यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं शामिल हुई। तत्पश्चात प्राण-प्रतिष्ठा व हवन पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

हालांकि, बारिश और भारी भीड़ की वजह से लोगों को असुविधाओं का भी सामना करना पड़ा। कार्यक्रम में प्रदेश भर से 1500 से भी ज्यादा की संख्या में समाज की महिला-पुरुष, युवा, बच्चे व बुजुर्ग शामिल हुए। पीले वस्त्रों में सजी महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। समारोह में शामिल होने और परिवार जनों से मिलने की खुशी में गाड़ी किराया कर दूर-दूर से पहुंचे हुए थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ केश शिल्पी कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष सुश्री मोना सेन थी। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ देसहा गड़रिया पाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष यशवंत राव पाल ने किया। विशेष अतिथि के रूप में जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक सहित समाज के वरिष्ठ जन मंच पर उपस्थित थे।

## समाज की एकता, सेवा और संस्कारों का प्रतीक बना यह आयोजन

### अतिथियों के विचार और समाज को संदेश

कार्यक्रम की शुरुआत लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की छायाचित्र की पूजा-अर्चना, दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुई। इस दौरान आगंतुक अतिथियों का समाज द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत, अभिनंदन किया गया। इस दौरान अतिथियों एवं पदाधिकारियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत सत्कार किया गया। इस दौरान समाज की महिलाओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मोनिका पाल ने अहिल्याबाई की जीवनी पर प्रकाश डाला। सचिव राजू पाल ने समाज का प्रतिवेदन एवं मांग पत्र का पठन किया। इस दौरान अतिथियों एवं समाजजनों की उपस्थिति में प्रतिमा का अनावरण किया गया। जहां उपस्थित लोगों ने अहिल्याबाई होल्कर को याद करते हुए उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।



### आपसी सहमति से आगे बढ़ रहा है समाजः कीर्ति नायक

कार्यक्रम में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए समाज के लोगों ने बारी-बारी से मंदिर में पूजा-अर्चना की। मुख्य अतिथि की आसंदी से अध्यक्ष मोना सेन ने कहा कि, गड़रिया समाज बहुत ही सीधा, सादा समाज है। जो कड़ी मेहनत कर पुश्तैनी धंधा को बरकरार रखा है। उन्होंने समाज के लोगों को एकता के साथ मिलजुलकर रहने तथा सामाजिक एकता को बनाए रखने की अपील की। इस दौरान उन्होंने गीत गाते हुए मजाकिया अंदाज में उपस्थित लोगों को खूब हंसाया। जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक ने कहा कि, गड़रिया समाज को शुरू से जानती हूं। बहुत कठिन परिश्रम कर समाज आज आगे बढ़ रहा है। गड़रिया समाज में एकता, समर्पण और सहयोग की भावना शुरू से ही है। आज भी हर सुख-दुख में समाज आपसी सहमति से आगे बढ़ रहा है। इस दौरान समाज द्वारा मंचस्थ अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इसके पूर्व गायत्री शक्तिपीठ के द्वारा प्रस्तुत संगीतमय भजनों ने सबका मन मोह लिया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर समाज के संरक्षक कुलभूषण पाल, तुलाराम पाल, कोषाध्यक्ष हेमंत पाल, उपकोषाध्यक्ष मिलन पाल, सचिव राजू पाल, सहसचिव तेजराम पाल, महामंत्री शंकर लाल पाल, जागेश्वर प्रसाद, चंडीराम पाल, हरिराम पाल, अंकेक्षक बलदेव पाल, मंत्री भक्तूराम पाल, लालाराम पाल, पंचराम पाल, सलाहकार प्रभु पाल, रामाधीन पाल, ओमप्रकाश पाल, यशवंत पाल, विश्राम पाल, महेश पाल, कुंजबिहारी पाल, चंद्रकांत पाल, दिनेश पाल, ईश्वर पाल। महिला प्रकोष्ठ से संरक्षक मनटोरा पाल, त्रिलोकी पाल, अध्यक्ष इंदु पाल, उपाध्यक्ष रूपा पाल, सहसचिव करूणा पाल, कोषाध्यक्ष माधुरी पाल, महामंत्री महेश्वरी पाल, मंत्री गीता पाल, सीमा पाल, सभी पदाधिकारी, सदस्य, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों सहित बड़ी संख्या में गड़रिया समाज के लोग उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन शिक्षक दीनबंधु पाल ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी, पत्रकार व युवा कवि केशव पाल ने किया।

## सड़क पर छोड़ा जा रहा गंदा पानी, परेशान वार्डवासियों ने की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुड़पार सरसींवां

मुड़पार के वॉर्ड क्रमांक 12 में बीते कई साल से रहवासी गंदगियों में गुजर बसर कर रहे हैं। इस मुहल्ले में 15 से 20 घर बने हैं जहां ग्राम पंचायत ने सीसी सड़क भी बना दी है। वॉर्ड के सभी लोग अपने घर के पानी को अपनी अपनी बाड़ी तरफ बहाते हैं लेकिन वार्ड के एक घर से निस्तारी पानी को इस सड़क पर बहाया जा रहा है जिससे लोगों का जीना हराम हो गया है वार्ड वासी दुर्गंध से काफी परेशान हैं।



इनके निस्तार पानी से सड़क पर काई जम गई है आने जाने वाले लोग फिसल कर गिर रहे हैं। वार्ड वासी जब निस्तारी पानी को सड़क पर नहीं बहाने को कहते हैं उनके साथ गली गलौज की जाती है विवाद किया जाता है। आपको बता दें कि सड़क पर निस्तार पानी को बहाने वाले पुलिस विभाग में पदस्थ हैं।

### पढ़े-लिखे होकर गंदगी फैलाना है निंदनीय

वार्डवासियों का कहना है कि पढ़ें लिखे नौकरी पेशा होकर सड़क में इनके द्वारा गन्दगी फैलाई जा रही है जो अत्यंत निंदनीय है ऐसे लोगों पर शासन प्रशासन तत्काल कार्यवाही करें अन्यथा इसके लिए वार्ड वासी आंदोलन करने बाध्य होंगे। वॉर्ड 12 के गणेशी,आंगन देवी, निराबाई, भेषबाई, ज्ञान बाई, समारु, संतोष, पुनीत, सुख बाई, शिव प्रसाद, धनीराम, संतोषी इत्यादि ने थाना प्रभारी सरसीवा को ज्ञापन सौंप कर इस मामले पर तत्काल कार्यवाही की मांग की है। इस संदर्भ में सरसीवां थाना प्रभारी राजेश चंद्रवंशी ने बताया कि वार्डवासियों से शिकायत मिली है आगे की कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को पत्र भेजा हूं।

# मनरेगा बना किसानों की आजीविका का सहारा, कुएं से सिंचाई व मछली पालन कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

मनरेगा ग्रामीण क्षेत्र में लोगों क्रो रोजगार उपलब्ध कराने के साथ ही परिसंपत्ति निर्माण एवं आजीविका क्रा जरिया भी बन गया है। मनरेगा से निर्मित कुंआ सिंचाई का स्थाई साधन बनने के साथ ही मछली पालन से किसान क्रो दोहरा लाभ मिल रहा है।

विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत अमेठी निवासी किसान विष्णु प्रसाद ने ग्राम पंचायत की पहल पर वर्ष 2023 में मनरेगा से अपने खेत में कुंआ निर्माण कराया। कुंआ निर्माण हेतु 2 लाख 52 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिली।कुंआ निर्माण में उसके परिवार क्रो 578 मानव दिवस का रोजगार भी मिला। कुंआ निर्माण कराने के बाद विष्णु प्रसाद क्रो अपने खेतों में सिंचाई के साथ मछली पालन का व्यवसाय शुरू किया जिससे अच्छी आमदनी प्राप्त हो रही है।



### जीविकोपार्जन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा कुंआ

कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत दिव्या के नेतृत्व में मनरेगा से ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। कुंआ बहुपयोगी होने के कारण छोटे और सीमांत किसानों के जीविकोपार्जन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यही कारण है कि किसान विष्णु प्रसाद ने कुंआ निर्माण से सिंचाई व मछली पालन व्यवसाय को अपनाया और अपनी मेहनत से आज उन्होंने अपने जीवन की दशा और दिशा-दोनों बदल दी है ।

# वेब डिज़ाइनिंग समर कैंप में खरोरा के छात्रों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरोरा





पीएमश्री बीडी सेजेस, खरोरा के छात्रों को रीजनल साइंस सेंटर, रायपुर द्वारा आयोजित 4 दिवसीय वेबसाइट डिजाइनिंग समर कैंप में भाग लेने का गौरवपूर्ण अवसर प्राप्त हुआ। यह कार्यशाला पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के विशेषज्ञ प्रोफेसरों के मार्गदर्शन में आयोजित की गई।

इस भागीदारी को प्राचार्य एवं व्याख्याताओं के प्रोत्साहन और सहयोग से संभव बनाया गया। छात्रों के साथ भौतिकी व्याख्याता श्रीमती पारुल पांडे भी कैंप में सम्मिलित हुईं और उन्हें मार्गदर्शन प्रदान किया।

पहले दिन छात्रों में वेबसाइट डिजाइनिंग के प्रति रुचि उत्पन्न करने पर जोर दिया गया। प्रतिभागियों को एचटीएमएल की बुनियादी जानकारी दी गई और उन्होंने अपना पहला वेबपेज बनाना सीखा। दिन के अंत में, छात्रों ने एचटीएमएल और सीएसएस की मदद से "स्टोन-पेपर-सीजर" गेम का इंटरफेस तैयार किया।

दूसरे दिन वेबसाइट को इंटरएक्टिव बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। छात्रों ने जावा स्क्रिप्ट, एरे, रेंडम फंक्शन और कंडिशनल स्टेटमेंट्स के बारे में सीखा और इनका प्रयोग करके स्टोन-पेपर-सीजर गेम को पूर्ण रूप से कार्यशील बनाया।

तीसरे दिन छात्रों ने एआई आधारित टूल्स की सहायता से अधिक उन्नत और रचनात्मक वेबसाइटें बनाना सीखा। उन्होंने हैकर कंसोल सिम्युलेटर, स्नेक गेम, थ्रीडी सोलर सिस्टम और थ्रीडी टेक्स्ट एनिमेशन जैसी वेबसाइटों का विकास किया।अंतिम दिन एक वेबसाइट निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों पर आधारित वेबसाइटें तैयार कीं। उन्होंने आत्मविश्वासपूर्वक अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। अंत में, सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और इस ज्ञानवर्धक अनुभव का सफल समापन हुआ।

यह समर कैंप पी.एम. श्री बी.डी.सेजेस खरोरा के छात्रों के लिए वेबसाइट डेवलपमेंट और डिजिटल टूल्स की वास्तविक दुनिया में उपयोग का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का एक उत्कृष्ट मंच सिद्ध हुआ। छात्रों की सक्रिय भागीदारी और रचनात्मक कार्य प्रशंसनीय रहे, जो उनके मार्गदर्शकों और आयोजकों के प्रभावी निर्देशन का प्रमाण है।

### पीएमश्री स्कूल में लगे समर कैंप का हुआ समापन

**खरोरा।** पीएम श्री नवीन प्राथमिक शाला खरोरा में में दिनाक 13-मई से 1-जून तक चलने वाला समर कैंप का आज दिनाक 01-जून को समापन हुआ। इस कार्यक्रम में शाला में उपस्थित गणमान्य अतिथि पार्षद, दामिनी देवांगन, विधायक प्रतिनिधि भूपेन्द्र सेन तथा शिक्षा समिति के सदस्यगण, पालकगण तथा संस्था के प्रधान पाठक इन्द्राणी वर्मा, शिक्षिका संतोषी ठाकूर, संगीता वर्मा, पत्रकार रोहित वर्मा के उपस्थिति में समर कैंप में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र तथा मेडल देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित अतिथिगण द्वारा शाला के समस्त स्टाफ एवं बच्चों को उक्त प्रसंशनीय कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रम में अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया गया अंत में संस्था के प्रधान पाठक इंद्राणी वर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



## शोभायात्रा व पूजा में उमड़ा जनसमूह, राजमिस्त्री कल्याण संघ का आयोजन

# सिमगा में हुई भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिमगा

नगर के प्राचीन सिद्धेश्वर शिव मंदिर में जय बाबा विश्वकर्मा राजमिस्त्री कल्याण संघ सिमगा द्वारा भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न हुआ। प्रातः 10 बजे श्री राधे श्याम मंदिर से बाजे गाजे के साथ विशाल शोभायात्रा निकाला गया । जो श्री सिद्धेश्वर शिवमदिर पहुंचे तत्पशचात विधि विधान के साथ भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न हुआ।

वहीं संध्या 6 बजे भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा कार्यक्रम में पहुंचे जहां उन्होंने सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कर सबके सुख समृद्धि की कामना किया। वर्मा ने इस अवसर पर उपस्थित राजमिस्त्रियों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे सनातन धर्म में अलग अलग पर्व पर अलग अलग देवी देवताओं की पूजा अर्चना किया जाता है। वैसे ही निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा को माना जाता है । हम जिसे पूजते उनके बारे में हमें पूरी जानकारी रखना चाहिए।





### ये रहे उपस्थित

उक्त मौके पर राज मिस्त्री ठेकेदार कल्याण संघ के अध्यक्ष घनश्याम साहू, उपाध्यक्ष अमरनाथ साहू, कोषाध्यक्ष मनोहर सोनकर, सचिव अशोक वर्मा, सहसचिव भागवत सोनकर, संरक्षक कौशल रजक, भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता व राज मिस्त्री ठेकेदार कल्याण संघ के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।

